महत्वपूर्ण समयबद्ध

पत्र संख्या-एस0एस0-एक-पंजीयन न0 डिस्प्ले व्यवस्था-2016-17 / 567 / वाणिज्य कर

कार्यालय : कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 ।

(विधि अनुभाग)

लखनऊ : दिनॉक : 2-6 ,2016

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश ।

विभाग के पूर्व के निर्देश हैं कि विभाग में पंजीकृत व्यापारी अपना टिन नम्बर शॉप/ शो-रुम के बोर्ड पर और अंदर डिस्प्ले करेंगे । प्रकाश में आया है कि सभी पंजीकृत व्यापारियों द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है इससे बाजार में अपंजीकृत व्यापारी को चिन्हित करना कठिन होता है । नोयडा जोन में स्टीकर छपवाकर व्यापारी के शाप/शो-रुम में चस्पा कराया गया है जिसके उपयोगी परिणाम प्रकाश में आए हैं ।

अत: निर्देशित किया जाता है कि कृपया आप भी नोएडा जोन की भॉति अपने जोन के सभी जनपद/ मंडल कार्यालयों के व्यापारी संगठनों / वाणिज्य कर मण्डलों के सौजन्य व सहयोग से **VINYL / PLASTIC के A-4 साईज में अथवा 12"x6" के साईज में सदृश्य (VISIBLE) फॉट में संलग्न प्रारुप के अनुसार स्टीकर्स** छपवा कर प्रत्येक पंजीकृत व्यापारी के शाप/शो-रुम में अथवा डिस्प्ले बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करायें । व्यापारी वर्ग को यह सन्देश प्रदान करें कि उनके शाप/शो-रुम में अथवा डिस्प्ले बोर्ड पर स्टीकर्स चस्पा न होने पर विभाग के द्वारा किसी भी सर्वेक्षण या निरीक्षण में प्रथमदृष्टया अपंजीकृत मानकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा सकती है ।

कृपया माह जून-16 में अभियान चलाकर उक्त कार्य संपादित करायें और प्रगति से अवगत करायें ।

संलग्नक : प्रारुप

2/06/16

(मुकेश कुमार मेश्राम)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश ।

पृ0पत्र संख्या एवं दिनॉक : तदैव ।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

- ज्वाइंट कमिश्नर (आई0टी0) एवं ज्वाइंट डायरेक्टर (संख्या) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ ।

02-06-16

(डी0पी0 सिंह)
ज्वाइंट कमिश्नर (विधि) वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ ।

संलग्न स्टीकर के प्रारुप में विवरण व रंग के सम्बन्ध में निर्देश -

- स्टीकर के प्रारुप में अंकित अध्यक्ष व महामंत्री के ऊपर उस संगठन के अध्यक्ष व महामंत्री का नाम अंकित किया जाएगा जिनके सौजन्य से स्टीकर छपवाये गए हैं । डीलर्स के नाम के सम्मुख फर्म का नाम उल्लिखित होगा जिस नाम से व्यापारी ने टिन प्राप्त किया है और उसके नीचे टिन नम्बर लिखा जाएगा ।
- स्टीकर के दो बाक्स बने हैं । प्रथम बाक्स में बेस रंग और टेक्स्ट रंग का विरोधी(रिवर्स) स्थिति द्वितीय बाक्स में होगी अर्थात प्रथम बाक्स में यदि पीले रंग के आधार पर लाल रंग से टेक्स्ट लिखा गया हो तो द्वितीय बाक्स में लाल रंग के आधार पर पीले रंग से टेक्स्ट लिखा जाएगा ।

E:\2016-2017\MISLENYES-2016.doc

उत्तर प्रदेश शासन
वाणिज्य कर विभाग

के

सम्मानित कर संग्रहकर्ता / पंजीकृत व्यापारी

डीलर/फर्म का नाम : --

टिन नं0 : ---

ग्राहकों को अच्छा व्यवहार, वस्तु की गुणवत्ता एवं खरीद की रसीद का भरोसा।

वाणिज्य कर विभाग के टोल फ्री नम्बर 18001805223 पर सुझाव/ शिकायतें आमंत्रित हैं।

<u>सौजन्य</u>

----- ------

अध्यक्ष, महामंत्री,

व्यापारिक/वाणिज्यिक संगठन का नाम